## UNNAYAN the Annual Celebrations of the school – November 16, 2016

बोकारो LIVE | सिटी
धनबाद • गुरुवार • 17 नवंबर 2016 • हिन्दुस्तान 04

डीपीएस के 'उन्नयन' कार्यक्रम में 840 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

# शौक ही कॅरियर बने तो सफलता जरूर मिलेगी

**वार्षिकोत्सव**

**बोकारो | प्रतिनिधि**

डीपीएस बोकारो का वार्षिकोत्सव 'उन्नयन' बुधवार को विद्यालय परिसर में मनाया गया। अश्वघोष कला भवन में आयोजित समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, रांची के वाइस चांसलर प्रो ओआरएस राव, विशिष्ट अतिथि सेवेन पाम हॉस्पीटल के चेयरमैन सह सीटीपीएल, रांची के सीईओ डॉ आरके राय, बिहार राज्य कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन के पूर्व प्रबंध निदेशक आरआर राय तथा डीपीएस बोकारो की निदेशक डॉ हेमलता एस मोहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



गुरुवार को वार्षिकोत्सव समारोह का उद्घाटन करते प्रो राव, डॉ हेमलता व अन्य।

### बच्चों ने मोहा मन

वार्षिकोत्सव समारोह में आगंतुक अतिथियों का स्वागत छात्राओं ने सुमधुर स्वागत गीत व स्कूल गीत से किया। स्वागत भाषण विद्यालय के हेड ब्वॉय मो अल्तमश मजहरी व अनिकेत ने किया।

### पहल सराहनीय

समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि डॉ आर के राय ने डीपीएस, बोकारो की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यहां बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया जाता है, जो प्रशंसनीय व अनुकरणीय है।

### पहल सराहनीय

डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस माहौल में बच्चों को वैश्विक परिवेश के मुताबिक शिक्षा देना जरूरी है, ताकि वे चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करनेवाले 840 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इनमें 48 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक मिले।



बुधवार को डीपीएस बोकारो के वार्षिकोत्सव 'उन्नयन' में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। • हिन्दुस्तान

4 | दैनिक जागरण धनबाद, 17 नवंबर 2016 बोकारो जागरण www.jagran.com

# वैश्विक परिवेश के अनुरूप दें शिक्षा

## डीपीएस के वार्षिकोत्सव पर 840 मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत






कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि, प्राचार्या व कार्यक्रम प्रस्तुत करती डीपीएस की छात्राएं। जागरण

**बोकारो :** दिल्ली पब्लिक स्कूल के अश्वघोष कला भवन में आयोजित वार्षिकोत्सव 'उन्नयन' धूमधाम से मनाया गया जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि आइसीएफएआइ विश्वविद्यालय, रांची के वाइस चांसलर प्रो. ओआरएस राव, सेवेन पाम हॉस्पिटल के चेयरमैन सह सीटीपीएल, रांची के सीईओ डॉ. आरके राय, बिहार राज्य कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन के पूर्व प्रबंध निदेशक आरआर राय एवं विद्यालय की निदेशक सह प्राचार्य डॉ. हेमलता एस मोहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

छात्राओं ने स्वागत गान एवं स्कूल गीत गाकर आगंतुकों का स्वागत किया। डॉ. मोहन ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस माहौल में बच्चों को वैश्विक परिवेश के मुताबिक शिक्षा देना जरूरी है, ताकि वे आनेवाली चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें। डॉ. राय ने डीपीएस की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की। आरआर राय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि डीपीएस मूल्य आधारित शिक्षा पर ध्यान देता है। प्रो. राव ने कहा कि डीपीएस शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम है।

इस दौरान विद्यार्थियों ने समूह नृत्य एवं कथक शैली में 'दशाश्वमेध घाट' की प्रस्तुति से सबका मन जीत लिया। धन्यवाद ज्ञापन हेडगर्ल मेहुली साधु ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। मौके पर डीपीएस के उपप्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा, हेडमिस्ट्रेस प्रतिमा सिन्हा, पी शैलजा जयाकुमार, डॉ. मनीषा तिवारी सहित तमाम शिक्षक एवं काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

वार्षिकोत्सव | दीपांश के बच्चों को स्वेटर व कोशिश की प्रशिक्षणार्थियों को मिला सर्टिफिकेट

# बच्चों को आने वाली चुनौतियों का सामना करने वाली शिक्षा दी जाए

सिटी रिपोर्टर | बोकारो

दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो का वार्षिकोत्सव उन्नयन बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, रांची के वाइस चांसलर प्रो. ओआरएस राव, विशिष्ट अतिथि सेवेन पाम हास्पिटल के चेयरमैन सह सीटीपीएल, रांची के सीईओ डॉ. आरके राय, बिहार राज्य कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन के पूर्व प्रबंध निदेशक आरआर राय तथा डीपीएस बोकारो की प्राचार्या डॉ. हेमलता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले 840 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इनमें 48 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

## दीपांश के बच्चों को दिया गया स्वेटर

इसके अलावा डीपीएस बोकारो द्वारा संचालित दीपांश शिक्षा केन्द्र के बच्चों स्वेटर प्रदान किया गया। गरीब महिलाओं के लिए डीपीएस बोकारो द्वारा संचालित निशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र कोशिश की प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। गणित प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो द्वारा आयोजित वार्षिक आर्यभट्ट गणित प्रतियोगिता के विजेताओं को भी नगद पुरस्कार, मेरिट सर्टिफिकेट व मोमेंटो दिए गए। इस अवसर पर अतिथियों ने डीपीएस बोकारो की वार्षिक पत्रिका पर्ल जुबली विशेषक डिप्स रिफ्लेक्शन का लोकार्पण भी किया।

## डीपीएस के वार्षिकोत्सव पर 840 छात्र-छात्राएं पुरस्कृत




कार्यक्रम पेश करती छात्राएं।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।।

## वैश्विक परिवेश के मुताबिक शिक्षा जरूरी

डीपीएस की निदेशक व प्राचार्या डॉ. हेमलता एस मोहन ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस माहौल में बच्चों को वैश्विक परिवेश के मुताबिक शिक्षा देना जरूरी है ताकि वे आनेवाली चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो इसको ध्यान में रखकर यहां शैक्षिक गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

## डीपीएस. वार्षिकोत्सव 'उन्नयन' मना, 840 मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

# रुचि के अनुरूप कैरियर चुनें : डॉ राव



कथक शैली में 'दशाश्वमेध घाट' की प्रस्तुति ने मोहा मन



पर्ल जुबली विशेषांक 'डिप्स रिफ्लेक्शन' का लोकार्पण करते अतिथि

संवाददाता ▸ बोकारो

दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो का वार्षिकोत्सव 'उन्नयन' बुधवार को मनाया गया. उद्घाटन मुख्य अतिथि आइसीएफएआइ विश्वविद्यालय, रांची के वाइस चांसलर प्रो. ओआरएस राव, विशिष्ट अतिथि सेवेन पाम हॉस्पिटल के चेयरमैन सह सीटीपीएल, रांची के सीइओ डॉ आरके राय, बिहार राज्य कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन के पूर्व प्रबंध निदेशक आरआर राय व डीपीएस बोकारो की निदेशक व प्राचार्या डॉ हेमलता एस मोहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.



समारोह में उपस्थित अभिभावक व विद्यार्थी

**वैश्विक परिवेश के मुताबिक शिक्षा देना जरूरी** : अतिथियों का स्वागत छात्राओं ने स्वागत गीत व स्कूल गीत प्रस्तुत कर की. स्वागत भाषण हेडबॉय मो. अल्तमश मजहरी व अनिकेत ने दिया. डॉ हेमलता ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस माहौल में बच्चों को वैश्विक परिवेश के मुताबिक शिक्षा देना जरूरी है, ताकि वे आने वाली चुनौतियों का डट कर सामना कर सके. विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है कि इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित शैक्षिक पत्रिका एजुकेशन वर्ल्ड ने विभिन्न 14 शैक्षिक पैरामीटर्स के आधार पर डीपीएस बोकारो को झारखंड का सर्वश्रेष्ठ स्कूल चुना है.

**'दीपांश' व 'कोशिश' से सामाजिक दायित्व का निर्वहन** : प्रो राव ने कहा कि डीपीएस बोकारो में जीवन मूल्यों, परंपरा, संस्कृति आदि से जोडे रखने का प्रयास प्रशंसनीय व अनुकरणीय है. स्कूल 'दीपांश' व 'कोशिश' के माध्यम से अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन भी बखूबी कर रहा है. बच्चे रुचि के अनुसार कैरियर का चयन करें. डॉ राय ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में ही मस्तिष्क का सर्वाधिक विकास होता है. विद्यार्थी इस समय का सदुपयोग करें. आरआर राय ने कहा कि सफलता का पैरामीटर सिर्फ अच्छे मार्क्स लाना या कैरियर में उच्च पद प्राप्त कर लेना नहीं है, अपितु सफलता का सही अर्थ है खुश रहना.

**समूह नृत्य 'कुचीपुड़ी' व कथक शैली में 'दशाश्वमेध घाट'** : वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य 'कुचीपुड़ी' व कथक शैली में 'दशाश्वमेध घाट' की प्रस्तुति ने सबका मन जीत लिया. धन्यवाद ज्ञापन हेडगर्ल मेहुली साधु ने किया. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ. डीपीएस के उप प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा, हेड मिस्ट्रेस प्रतिमा सिन्हा, पी शैलजा जयाकुमार, डॉ मनीषा तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोगं, शिक्षकगण व अभिभावक उपस्थित थे.

### 'डिप्स रिफ्लेक्शन' का लोकार्पण

विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले 840 विद्यार्थियों को कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया. इनमें 48 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिया गया. मौलिक शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए डीपीएस बोकारो द्वारा संचालित 'दीपांश शिक्षा केंद्र' के बच्चों स्वेटर दिया गया. गरीब महिलाओं के लिए संचालित नि:शुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र 'कोशिश' की प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान दिया गया. अतिथियों ने डीपीएस बोकारो की वार्षिक पत्रिका पर्ल जुबली विशेषांक 'डीप्स रिफलेक्शन' का लोकार्पण भी किया.